रचनात्मक आकलन–1 (नमूना प्रश्न पत्र)

कक्षाः सातवीं कक्षा (2022-23) समयः45मि.

नामः क्र.सं: अंकः 20

- **1–15 प्रश्न तक जवाब OMR SHEET में लिखिए।**
- **16–17 प्रश्नों का जवाब उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

भाग–1

I. निम्न अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5 x 1= 5

'अरकु' में आदिवासी लोग रहते हैं। वे 'कुवी' भाषा में बात करते हैं। उस भाषा की कोई लिपि नहीं है। वे कोया, तेलुगु,ओड़िया में भी बात करते हैं। 'धिंसा' उनकी संस्कृति का प्रमुख नृत्य है। इस लोकनृत्य का प्रारंभ 'सोंपी' नामक गाँव में हुआ था।

1. आदिवासी लोग कहाँ रहते हैं?
   A) विजयवाडा B) अरकु C) हैदराबाद D) विशाखपट्टणम्
2. उनकी संस्कृति का प्रमुख नृत्य क्या है ?
   A) कोलाट्म B) गरबा C) धिंसा D) भरतनाट्यम्
3. आदिवासियों की भाषा क्या है ?
   A) कुवी B) तेलुगु C) ओडिया D) कोया
4. 'धिंसा' नृत्य का प्रारंभ किस गाँव में हुआ था ?
   A) अरकु B) लंबसिंगि C) संपाली D) सोंपी
5. यह अनुच्छेद किस पाठ से दिया गया है ?
   A) ज्ञान हम को दीजिए B) होशियार कौआ C) आदिवासी नृत्य धिंसा D) कोई नहीं

II. निम्न पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5 x 1= 5

हे प्रभु आनंद-दाता! ज्ञान हमको दीजिए।
शीघ्र सारे दुर्गुणों को दूर हमसे कीजिए।
लीजिए हम को शरण में हम सदाचारी बनें।
निंदा किसी की हम किसी से भूलकर भी न करें।
ईर्ष्या कभी भी हम किसी से भूलकर भी न करें।

6. बालक भगवान से क्या माँगते हैं ?
   A) ज्ञान B) धन C) सोना D) संपदा
7. हम शीघ्र क्या दूर करना है?
   A) सद्‌गुण B) दुर्गुण C) अच्छे गुण D) सत्य
8. हम भगवान की शरण में क्या बनें?
   A) दुराचार B) ज्ञानी C) निडर D) सदाचारी
9. यह पद्यांश किस कविता से लिया है ?
   A) आनंद दाता B) गीत C) बेटी D) ज्ञान हमको दीजिए
10. इस कविता के कवि का नाम क्या है ?
    A) राम नरेश त्रिपाठी B) दिनकर C) केदारनाथ D) श्री प्रसाद

III. सूचना के अनुसार प्रश्नों के जवाब विकल्पों से चुनकर लिखिए। 5 x 1= 5

11. **'जंगल' शब्द का अर्थ क्या है?**
    A) मंगल B) वन C) भूमि D) दुनिया

12. **गाँव (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द क्या है?)**
    A) शहर B) ग्राम C) देश D) विदेश

13. **सही वर्तनीवाला शब्द क्या है?**
    A) होशियार B) होशीयार C) हेशियार D) होशयार

14. **निम्न लिखित शब्दों में 'संयुक्ताक्षर' वाला शब्द क्या है?**
    A) डिब्बा B) शक्कर C) चम्मच D) अध्यापक

15. **निम्न लिखित शब्दों में 'द्वित्वाक्षर' वाला शब्द क्या है?**
    A) सत्य B) बच्चा C) क्या D) ग्यारह

भाग–2

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए। 2 x 2 1/2= 5

16. आनंद दाता कौन है? वे हमें क्या देते हैं?
17. 'धिंसा' नृत्य के बारे में आप क्या जानते हैं ?

हमारी हिंदी